पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया
युवा मानव संसाधन ही भारत की सबसे बड़ी पूंजी है - श्री नाईक

लखनऊः 29 अक्टूबर, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने कहा कि देश की प्रगति में युवाओं का महत्वपूर्ण स्थान होता है। उन्होंने कहा कि भारत 2025 तक दुनिया का सबसे युवा देश होगा। युवा मानव संसाधन ही भारत की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि यदि युवा अच्छा होगा तो देश का विकास भी अच्छा होगा। राज्यपाल श्री राम नाईक आज भारत विकास परिषद उत्तर मध्य क्षेत्र द्वारा उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे सभागार में आयोजित प्रथम क्षेत्रीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता के विजेताओं के पुरस्कार वितरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा मिलती है। भारत विकास परिषद लगातार 50 वर्षों से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है। भारत विकास परिषद के लिए एक दृष्टि से स्वर्ण महोत्सव है। उन्होंने कहा कि भारत के विकास के लिए जो भी किया जा सकता है उसे परिषद द्वारा निरन्तर किया जा रहा है। ऐसी परम्परा को लगातार चलाते रहने की आवश्यकता आज और अधिक बढ़ गयी है जिससे कि युवा गलत रास्ते पर न जाने पाएं। उनके अन्दर देशभक्ति की भावना को जगाना अत्यन्त आवश्यक है। युवाओं से ही देश का अच्छा विकास किया जा सकता है।

श्री नाईक ने बच्चों का अभिनन्दन करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेना ही बड़ी बात होती है इसलिए हार-जीत की चिंता न करें। उन्होंने बच्चों से कहा कि अपने छात्रधर्म का पालन करते हुए मेहनत से पढ़ाई करें। पढ़ाई के साथ ही अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए योग एवं व्यायाम भी करें जिससे कि सर्वांगीण विकास हो। उन्होंने कहा कि अपने माता-पिता एवं गुरू के सम्मान का भी ध्यान रखें। उन्होंने व्यक्तित्व विकास के चार मंत्र बताते हुए कहा कि सदैव प्रसन्नचित रह कर मुस्कराते रहंे, दूसरों के अच्छे गुणों की प्रशंसा करें और अच्छे गुणों को आत्मसात करने की कोशिश करें, दूसरों को छोटा न दिखाये तथा हर काम को और बेहतर ढंग से करने का प्रयास करें। राज्यपाल ने चरैवेति! चरैवेति!! श्लोक को उद्धृत करते हुए कहा कि जो व्यक्ति निरन्तर आगे बढ़ता रहता है उसको सफलता मिलती है ।

राज्यपाल ने कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्रों पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलित करके किया। इसके साथ ही राज्यपाल ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को पुरस्कार भी वितरित किया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के श्री मदन लाल अग्रवाल, डाॅ0 राजेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव, डाॅ0 केशव प्रसाद गुप्ता, श्री अजय दत्ता, श्री निर्मल कुमार सिंह, श्री सुनील रस्तोगी सहित अन्य विशिष्टजन भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में श्री राजेश मल्होत्रा ने राज्यपाल श्री राम नाईक के जीवन पर प्रकाश डाला। राज्यपाल ने भारत विकास परिषद की स्मारिका का विमोचन भी किया।

अशोक/ललित/राजभवन (413/33)

सेवा
समर्पण

सम्पर्क • सहयोग • संस्कार • सेवा • समर्पण
भारत विकास परिषद
उत्तर मध्य रीजन
प्रथम रीजनल राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता
मुख्य अतिथि : श्री राम नाईक, माननीय राज्यपाल, उ0प्र0
दिनांक : 29 अक्टूबर 2017, दिन : रविवार
स्थान : संत गाडगे सभागार, उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर, लखनऊ
प्रयाग
ब्रज
बुन्देलखण्ड
हस्तिनापुर
डा0 केशव दत्त गुप्ता
माननीय श्री राज्यपाल

सम्पर्क
संस्कार
समर्पण